# अवैध बजरी परिवहन करते चार डंपर जब्त, चालक गिरफ्तार

## उन्नडी व पोषाणा गांव में भीनमाल-पोषाणा स्टेट हाईवे पर कार्रवाई की



सायला थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के आरोपी चालक को गिरफ्तार किया।

**सायला, (निसं)।** सायला थाना क्षेत्र के उन्नडी व पोषाणा गांव में जिला विशेष पुलिस टीम और सायला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी परिवहन करते पाए जाने पर चार डंपर समेत 4 चालकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार उन्नडी व पोषाणा गांव में भीनमाल-पोषाणा स्टेट हाईवे पर अवैध बजरी परिवहन करते पाए जाने पर चार डंपर एवं एक बिना नंबरी डंपर को जब्त किया है। साथ ही डंपर चालक सोनाराम पुत्र मोटाराम पोटलिया जाट निवासी आदर्श चवा पुलिस थाना बाडमेर, दिनेशपुरी पुत्री सायरपुरी गोस्वामी निवासी सोढावास पुलिस थाना पीपाड, केसर सिंह पुत्र मोहन सिंह भाटी निवासी नानणा पुलिस थाना पीपाड एवं अयुब खां पुत्र हसन खां निवासी राह पुलिस थाना बागोडा को गिरफ्तार किया है। इस दौरान कार्रवाई टीम में डीएसटी प्रभारी लालाराम, सायला पुलिस थाना के हेड कांस्टेबल मोहनलाल समेत पुलिसकर्मी शामिल थे।

# पांच वांछित अपराधियों की बढ़ाई ईनाम राशि

## फरार चल रहे वांछित अपराधियों पर कसा शिकंजा

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ने अपराधियों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि अपराध करने वालों को जेल का रास्ता देखना ही पड़ेगा। जिलेभर में नकबजनी, धोखाधड़ी, अपहरण, हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, चोरी, पॉक्सो एवं प्रतिबंधित चंबल बजरी खनन जैसे संगीन मामलों में फरार चल रहे अपराधी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। एसपी ने जहां 5 वांछित अपराधियों की ईनाम राशि में बढ़ोतरी की है। वहीं 16 अन्य अपराधियों पर ईनाम घोषित किया है। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कहा है कि इन अपराधियों को बंदी कराने के लिए सही सूचना देने वाले को इनकी ईनाम राशि दी जाएगी।

एसपी मनोज कुमार ने 5 वांछित अपराधियों अतिराज का पुरा कंचनपुर निवासी मोनू पुत्र मानसिंह गुर्जर पर 2 हजार से 5 हजार रुपये, कपरोला सेवर भरतपुर निवासी साहब सिंह पुत्र गोधन सिंह गुर्जर, सर्वोदय नगर रीको रोड भरतपुर निवासी देवेश पुत्र लाल सिंह चाहर पर 1 हजार से 2 हजार रुपये, मोहन सिंह का अड्डा लालोनी कंचनपुर निवासी हरवेंद्र उर्फ हरेंद्र पुत्र मोहन सिंह गुर्जर पर 500 रुपये से 1 हजार रुपये और नौगजा पुराना शहर धौलपुर निवासी राहुल पुत्र कुमर सिंह उर्फ कुमरसेन बेडिया पर 1 हजार से 2 हजार रुपये ईनाम राशि बढ़ाई है।

### ■ अन्य 16 पर किया ईनाम घोषित

इनके अलावा 16 अन्य अपराधियों में अतिराज का पुरा कंचनपुर निवासी पूरन पुत्र भरत सिंह पर 2 हजार रुपये ईनाम राशि घोषित की है। वहीं 1 हजार रुपये केशव व सुरेंद्र पुत्रगण भरत सिंह गुर्जर, अतिराज का पुरा निवासी कृष्ण पुत्र रघुवर गुर्जर, बैसोरा गढ़ी बाजना कंचनपुर निवासी हरवीर सिंह पुत्र श्री लाल गुर्जर, नथुआ का पुरा मोरोली धौलपुर निवासी धीरज पुत्र सुभाष गुर्जर, तिघरा सदर धौलपुर निवासी उदयवीर सिंह पुत्र दीना गुर्जर, सब्जी गली पुराना शहर धौलपुर निवासी भूरा उर्फ अर्पित पुत्र जयप्रकाश उर्फ जज्जो ब्राह्मण, अजीतपुरा गुमट बाड़ी निवासी सिराजुद्दीन उर्फ जमूरा, पुद्दीन उर्फ सलाउद्दीन पुत्रगण चुन्ना, जोशी पाड़ा बाड़ी निवासी कल्ला उर्फ इकबाल पुत्र गफ्फार, बड़ापुरा मोरोली धौलपुर निवासी दिनेश पुत्र मुंशी गुर्जर, खाई दार का पुरा बसई डांग निवासी बलबीर पुत्र लोकमन गुर्जर, नंदा का नगला कुनकुटा बसेड़ी निवासी रामौतार पुत्र करन सिंह गुर्जर एवं निधारा बाड़ी सदर निवासी हंसा उर्फ हंसराम पुत्र मुंशी गुर्जर पर और कसाई पाड़ा बाड़ी निवासी चांद खान पुत्र छन्नू पर 500 रुपये ईनाम घोषित किया है।

### कुख्यात अपराधियों पर इनाम घोषित

**भरतपुर, (निस)।** भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव ने कुख्यात अपराधियों पर 10-10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस महानिरीक्षक श्रीवास्वत ने बताया कि कुख्यात अपराधी अनिल पुत्र नन्द किशोर प्रजापत निवासी मूलथान थाना नगीना जिला नूहँ हरियाणा, मोनू राणा उर्फ नरेन्द्र पुत्र जयभगवान निवासी पालुबास थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी हरियाणा, गोगी उर्फ मोनू पुत्र रामफल जाति कुम्हार निवासी बालाजी कॉलोनी भिवानी हरियाणा, कालू उर्फ कृष्ण पुत्र जगदीश जाति जाट निवासी बाबा लदाना थाना सदर कैथल हरियाणा, विकास आर्य पुत्र प्रताप सिंह जाति ब्राह्मण निवासी सफीदन रोड शिव कॉलोनी जिन्द थाना सिविल लाईन्स जिन्द हरियाणा, किशोर पुत्र प्रदीप जाति सैन निवासी घरौंदा थाना घरौंदा जिला करनाल हरियाणा, शाशीकान्त पुत्र ज्ञानीराम जाति ब्राह्मण निवासी मूनक थाना मूनक जिला करनाल हरियाणा एवं श्रीकान्त पुत्र बालकिशन जाति ब्राह्मण निवासी मरोडा थाना नगीना जिला नूहँ हरियाणा की भरतपुर पुलिस को दर्ज मुकदमों में तलाश है। पुलिस को इनकी सूचना देने वाले को 10-10 हजार रूपये इनाम दिया जायेगा एवं पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

# अफीम के छह हजार पौधे जब्त

## सैंपल की करवाई जांच, डीएसटी एवं राजियासर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**सूरतगढ़, (निसं)।** सुपर थर्मल पावर प्लांट की आवासीय कॉलोनी में आज अफीम की खेती के अंदेशे में डीएसटी ने राजियासर पुलिस के साथ कार्रवाई करते हुए हजारों की संख्या में पौधे जब्त किये हैं। राजियासर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थर्मल कॉलोनी के आर-3/1 आवास के बाहर खाली पड़ी भूमि पर हजारों की संख्या में अफीम के पौधे लगे होने की सूचना डीएसटी द्वारा दी गई।

जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। साथ ही सैंपल की जांच करवाई। जिसमें पुष्टि होने पर पुलिस ने करीब छह हजार पौधों को अपने कब्जे में लिया है। जिला स्पेशल टीम को थर्मल कॉलोनी में अफीम की खेती की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस अधीक्षक परिस देशमुख के निर्देशों पर डीएसटी प्रभारी कश्यप सिंह की टीम के सहायक उप निरीक्षक दारासिंह शेखावत के नेतृत्व में टीम ने कॉलोनी में आकर मौका मुआयना कर भौतिक सत्यापन किया। इसके पश्चात रजियासर थानाधिकारी सत्यनारायण गोदारा को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कॉलोनी स्थित कर्मचारी के आवास के नजदीक लगे इन पौधों को जब्त किया है। फिलहाल मामले में पूछताछ और पड़ताल जारी है।

### ■ थर्मल कॉलोनी में खेती की सूचना मिली थी

## हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**बीकानेर, (कासं)।** बीछवाल थाना एरिया में देर रात एक सड़क हादसे में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। ये दोनों खारा स्थित अपनी एक फैक्ट्री संभालकर वापस लौट रहे थे कि सामने से आ रही पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। शव पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है, जहां पोस्टमार्टम होगा।

बीछवाला थाना प्रभारी महेन्द्र दत्त ने बताया कि बीकानेर के सुभाषपुरा एरिया में रहने वाले चिरंजीलाल अग्रवाल (80) और उनके बेटे राजेन्द्र अग्रवाल खारा गए थे। वहां फैक्ट्री का काम देखकर वापस लौट रहे थे। रास्ते बीछवाल थाने से कुछ दूरी पर ही नेशनल हाईवे पर तेज स्पीड से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। ब्रेजा कार पुत्र राजेन्द्र अग्रवाल चला रहे थे। जबकि पिता चिरंजीलाल पास में ही बैठे थे। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों को बमुश्किल बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक दम तोड़ चुके थे। दोनों को पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। टक्कर के बाद पिकअप गाड़ी भी पलट गई।

# तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्रों ने किया प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** रजिस्ट्रेशन के आभाव में नौकरी से वंचित तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्रों ने शुक्रवार को अपनी मांगो को लेकर जमकर धरना प्रदर्शन किया और कॉलेज को बंद करवाया। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंच छात्रों को आश्वासन देकर मामला शांत करवाया।

कॉलेज के 2017-18 बैच के छात्र उदित पंड्या ने बताया कि उनका रजिस्ट्रेशन नहीं होने से नर्सिंग की डिग्री पूरी होने के बावजूद नौकरी नहीं मिल रही है। जब भी वह कहीं इंटरव्यू देने जाते है तो नौकरी के लिए चयन होने के बावजूद भी नौकरी उनके हाथ से निकल जाती है। जिसको लेकर उन्होंने पूर्व में भी कॉलेज प्रशासन से रजिस्ट्रेशन नंबर उपलब्ध करवाने की बात की। पंड्या ने बताया कि फरवरी माह में भी उन्होंने इन्ही मामलो को लेकर हड़ताल की थी लेकिन कॉलेज प्रशासन द्वारा सात दिन की मोहलत मांगते हुए रजिस्ट्रेशन नंबर देने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही इसमें नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन द्वारा दिए गए झूठे आश्वासन देने के चलते शुक्रवार को एक बार फिर हड़ताल करने को मजबूर होना पड़ा। पंड्या ने बताया कि कॉलेज के दो छात्रों का जिसमे से तरुण वैष्णव का सिलेक्शन एम्स भोपाल में हो गया था लेकिन रजिस्ट्रेशन नहीं होने से नौकरी नहीं लगी। अभी तक सिर्फ नर्सिंग के पहले बैच 2016 के छात्रों को ही रजिस्ट्रेशन हो पाया है।

### ■ रजिस्ट्रेशन के आभाव में नौकरी से वंचित छात्रों ने दिया धरना

इधर कॉलेज के प्रिंसिपल सुनील जोशी कहना है कि सभी छात्रों को प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन नंबर उपलब्ध करवा दिए गए है। यह पूरा मामला कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट का फैसला आने पर ही कॉलेज द्वारा ओरिजिनल रजिस्ट्रेशन उपलब्ध करवाए जाएंगे। फैसला इसी महीने के अंत में आने वाला है। इसीलिए सभी छात्रों को 15 दिन तक रुकने की सलाह दी गई है।

## एम्बुलेंस ट्रक में घुसी, चालक की मौत

**सूरतगढ़, (कासं)।** नेशनल हाईवे संख्या 62 पर गांव मानकसर के पास श्रीगंगानगर की ओर जा रही 108 एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में ड्राइवर की मौत हो गई जबकि नर्सिंग कर्मी घायल हो गया।

घटना देर रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। वहीं हादसे को लेकर शुक्रवार सुबह ब्लॉक के 108 और 104 एम्बुलेंस कर्मियों ने मुआवजे की मांग को लेकर राजकीय चिकित्सालय में सभी 108 एम्बुलेंस को खड़ी कर हड़ताल शुरू कर दी। राजस्थान एम्बुलेंस कर्मचारी एसोसिएशन श्रीगंगानगर के जिला कोषाध्यक्ष मंगल सिंह ने बताया कि सूरतगढ़ उपखंड के गांव ढाबां झालार का निवासी चालक संजय (38) पुत्र कालूराम और नर्सिंग कर्मी शिवदयाल पुत्र रामप्रताप के साथ श्रीगंगानगर से बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में एक मरीज को छोड़ने गए थे।

वापसी में रात के समय मानकसर फ्लाईओवर के पास श्रीगंगानगर की तरफ आगे जा रहे ट्रक के अचानक ब्रेक लगा देने से एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें चालक संजय की मौत हो गई।

# दिन दहाड़े युवक पर फायरिंग, युवक घायल

## जमीनी विवाद में लोगों ने फायरिंग की थी

**अजमेर, (कासं)।** शहर में अवैध हथियारों से फ़ायरिंग के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अजमेर शहर के रामगंज थाना इलाक़े के चंद्र वरदाई नगर क्षेत्र का है, जहाँ एक ज़मीनी विवाद में कुछ लोगों ने फ़ायरिंग कर एक युवक को ज़ख्मी कर दिया युवक का नाम राजेंद्र है। पुलिस उपाधीक्षक छवि शर्मा के अनुसार राजेंद्र का ज़मीनी विवाद अजमेर के ही कुछ अन्य लोगों के साथ चल रहा था, इस मामले में आज सुबह भी दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई, लेकिन दोपहर 2 कारों में सवार होकर आए 8-10 युवकों ने राजेंद्र पर हमला कर दिया।

फ़िल्मी अंदाज़ में खुलेआम फ़ायरिंग की गई, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। वहीं बताया जा रहा है कि पीड़ित राजेंद्र को दो गोलियाँ लगी है जिसे तुरंत अजमेर के जवाहर लाल नेहरू हॉस्पिटल लाया गया, मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी भी अस्पताल पहुँचे। इस मामले में पीड़ित पक्ष न आंशका व्यक्त करते हुये आरोप लगाया कि वारदात को सुनील, रमेश और दीपक नाम के आरोपियों ने अंजाम दिया है। इस मामले में पुलिस ने मुक़दमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

ग़ौरतलब है कि इससे पहले भी अवैध हथियारों से फ़ायरिंग के कई मामले सामने आ चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के अजमेर यात्रा के दौरान खरवा इलाक़े में फ़ायरिंग का मामला सामने आया था और उसके बाद पिछले दिनों किशनगढ़ में भी फ़ायरिंग का एक मामला सामने आया जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी। अजमेर में लगातार बढ़ ते फ़ायरिंग के मामलों से अजमेर पुलिस पर भी सवालिया निशान उठ रहे हैं।

# मानसिक रूप से परेशान बुजुर्ग ने लगाया फंदा

## 64 वर्षीय बुजुर्ग खेत पर बेटों के साथ रहता था

**अनूपगढ़, (निसं)।** पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 2 पीजीएम के गांव 5 पीजीएम में आज एक 64 साल के व्यक्ति ने अपने ही घर पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों की सूचना पर अनूपगढ़ पुलिस थाने के एसआई हंसराज मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को अनूपगढ़ के राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया और शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक ओम प्रकाश की पिछले कुछ समय से मानसिक स्थिति सही नहीं थी। मृतक के बेटे की ओर से अनूपगढ़ पुलिस थाने में मर्ग दर्ज करवाई गई है। मृतक के बेटे दिलीप कुमार ने अनूपगढ़ पुलिस थाने में मर्ग दर्ज करवाते में लिखवाया है कि वह अनूपगढ़ के प्रेम नगर के वार्ड नंबर 8 में रहता है और उसके पिता ओमप्रकाश गांव 5 पीजीएम में अपने खेत में बनी ढाणी में उसके छोटे भाइयों के साथ रहते थे। दिलीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ओमप्रकाश की पिछले कुछ समय से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और आज सुबह उसे उसकी पुत्रवधू कांता ने फोन पर सूचना दी कि उसके पिता ओमप्रकाश ने कमरे में फांसी लगा ली है।

दिलीप ने बताया कि सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचा और देखा कि उसके पिता कमरे की छत पर लोहे के एंगल से लटके हुए हैं। दिलीप ने इसकी सूचना अनूपगढ़ पुलिस थाने में दी। सूचना मिलने पर एसआई हंसराज मौके पर पहुंचे और परिजनों की सहायता से शव को नीचे उतारा। एसआई हंसराज ने बताया कि शव को अनूपगढ़ के राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया और शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के बेटे की रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज कर ली गई है।

# होटल के कमरे में फंदे से लटका मिला युवक

**बीकानेर, (निसं)।** रेलवे स्टेशन क्षेत्र में एक युवक ने कमरे में फांसी लगा ली। दो दिन तक उसका शव लटका रहा लेकिन किसी को पता नहीं चला। होटल कर्मचारियों ने शुक्रवार को गेट खटखटाया तो कोई आवाज नहीं आई। बाद में गेट तोड़कर खोला गया तो उसकी लाश पंखे से लटकते हुए मिली। होटल सिमरन में दो दिन पहले एक युवक ने कमरा लिया था। उसने अपना नाम रामरख बताया। वो जैतासर का रहने वाला था। पुलिस ने रजिस्टर में दर्ज एड्रेस पर इसकी सूचना दे दी है, जिसके बाद परिजन बीकानेर आ रहे हैं।

शुक्रवार सुबह उसका शव पंखे से उतारकर पीबीएम अस्पताल भेजा गया। जहां उसे मृत घोषित करने के बाद शव मोर्चरी में भेज दिया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। मृतक ने चार लाइन का सुसाइड नोट भी छोड़ा है। जिसमें सुसाइड के लिए किसी को दोषी नहीं ठहराया है और स्वयं ही सुसाइड करना लिखा है। पुलिस ने सुसाइड नोट के बारे में जानकारी नहीं दी है, लेकिन इतना स्पष्ट किया है कि सुसाइड नोट में किसी व्यक्ति पर सुसाइड के लिए उकसाने या फिर परेशान करने का आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस ने मर्ग दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### ■ स्टाफ को दो दिन बाद पता चला, सुसाइट नोट भी लिखा

## चोरी करने वाले दो गिरफ्तातर

**उदयपुर, (कासं)।** गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने सूने मकान का ताला तोड कर सामान चोरी करने के मामले में दोआरोपियों को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किया माल बरामद किया।

प्रकरण के अनुसार 15 मार्च 2023 को प्रार्थी जसवंत चैहान पुत्र विरा राम निवासी दक्षिण सुन्दरवास थाना प्रतापनगर हाल जोगी तालाब थाना गोवर्धनविलास उदयपुर ने थाना गोवर्धनविलास पर एक प्रकरण इस आशय का दर्ज करवाया की रात में जोगी तालाब स्थित मकान पर अज्ञात चोर रात्रि के समय घर से सीसीटीवी कैमरे, इन्वेटर, बैटरी व अन्य उपकरण चुरा ले गये। उक्त घटना पर प्रकरण दर्ज होने पर गोवर्धन विलास थानाधिकारी संजीव स्वामी के नेतृत्व में गठित दल ने नरेन्द्र उर्फ टोपी पुत्र धर्माजी निवासी जोगी तालाब थाना गोवर्धनविलास व तेजा राम पुत्र राम लाल निवासी जोगी तालाब थाना गोवर्धन विलास को गिरफ्तार कर चोरी किया माल बरामद किया गया।

# बस में जहरखुरानी का शिकार हुआ युवक

## 'बस में साथ बैठे युवक ने कोल्ड ड्रिंक पिलाई थी'

**धौलपुर, (निसं)।** चौथ का बरवाड़ा सवाई माधोपुर से धौलपुर आ रहा एक व्यक्ति प्राइवेट बस में जहर खुरानी का शिकार हुआ है। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया। इसे बस में साथ बैठे युवक ने कोल्ड ड्रिंक पिलाई थी।

मेल मेडिकल वार्ड में बेहोशी की हालत में भर्ती कराए गए राहुल (50) पुत्र बच्चू सिंह निवासी चौथ का बरवाड़ा सवाई माधोपुर ने बताया कि वह धौलपुर जिले के मनियां में अपनी बहन के घर आ रहा था। सवाई माधोपुर से जयपुर पहुंचने के बाद धौलपुर के लिए प्राइवेट बस में बैठ गया। जहां दौसा के पास उसके पास में बैठे युवक ने उसे कोल्ड ड्रिंक पिला दी। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद ही वह अचेत हो गया। जयपुर से धौलपुर आ रही बस के धौलपुर पहुंचते ही बस के स्टाफ ने अचेत व्यक्ति को स्थानीय पेट्रोल पंप पर उतार दिया।

### ■ धौलपुर के मनियां में बहन के यहां आ रहा था व्यक्ति

पेट्रोल पंप पर व्यक्ति के अचेत होने की सूचना मिलने पर निहालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल के मेल मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया। घटना को लेकर थाना प्रभारी विजय मीणा ने बताया कि व्यक्ति के पास उसका मोबाइल और पैसे नहीं मिले हैं। मामले की जाँच की जा रही है।

## उदयपुर में बारिश हुई

**उदयपुर, (कासं)।** प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बने नए परिसंचरण तंत्र के लिए लेकसिटी में शुक्रवार दोपहर बाद मौसम में एक बार फिर करवट ली है। शाम 4 बजे के करीब शहर के कई हिस्सों में 10 से 12 मिनट मध्यम क्रम की बारिश हुई वहीं बारिश के साथ बादलों के बीच मौसम में सर्द अहसास भी दिखाई दिया। इधर, शहर की फतहसागर झील के किनारे उठती लहरों के साथ हल्की धुंध से मौसम खुशनुमा दिखाई दिया।

लेकसिटी में दोपहर 1.30 बजे अचानक चली हवाओं के साथ मौसम ने करवट ली और हवाओं के साथ ही आसमान में बादल छाए दिखाई दिए। शहर से 40 किमी दूर भटेवर में तेज बारिश के समाचार मिले है वहीं शहर के अंदरूनी हिस्सों जगदीश चौक, गुलाबबाग आदि क्षेत्रों में भी मध्यम क्रम की बारिश हुई जो 10-12 मिनट चली। वहीं शहर के अधिकांश हिस्सों में बूंदाबांदी के ही समाचार मिले है। बादलों के छाए रहने के साथ शाम होते मौसम में सर्द अहसास भी देखा गया। इधर, तापमान में भी कमी आई है।

## खिलाड़ी से मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** पीड़िता का अपहरण कर उसके साथ मारपीट करने वाले क्रिकेट कोच को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीडिता ने 7 मार्च को हाथीपोल पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मैं 5 मार्च दोपहर गांधी ग्राउंड, चेटक सर्कल में क्रिकेट अभ्यास कर फ्री होकर अपना मोबाइल देख रही थी। तभी अबरार उर्फ सोनू पुत्र इकबाल आया और मेरा फोन झपट कर मुझे जबरन घसीटते हुए बाहर ले गया।

इस दौरान मेरे साथ मारपीट करते हुए मेरी इच्छा के विरुद्ध मुझे जबरन स्कूटी पर बैठा फतहसागर की ओर ले गया और वहां पर मेरे फोन का लॉक खुलवा फोन चैक करने लगा और कहने लगा कि यदि तुझे क्रिकेट सीखना है तो मुझसे ही सीखना होगा खबरदार जो किसी और से क्रिकेट सिखा तो इसी फतहसागर में डाल दूंगा। मेरे द्वारा विरोध करने पर उसने वहा भी मेरे साथ मारपीट की तथा धमकाया। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर हाथीपोल थानाधिकारी योगेश चौहान ने अबरार हुसैन उर्फ सोनु पुत्र इकबाल को गिरफ्तार किया।

# गैस सिलेंडर से लगी आग में घर का सामान जला

## घर का सामान जल जाने से बी.पी.एल. परिवार बेसहारा हो गया

**टोंक, (निसं)।** जिले के टोडारायसिंह उपखंड के माधोगंज गांव में गैस सिलेंडर से भड़की आग में घर का सारा सामान जल जाने से बीपीएल परिवार बेसहारा हो गया।

घटना शुक्रवार सुबह उस वक्त गति हुई जब सोजी राम पांचाल की पत्नी लाली देवी खाना बना रही थी कि अचानक गैस सिलेंडर के रेगुलेटर से आग भभकने लगी, आग अचानक घर में फैल जाने से परिवार के सदस्य बाहर निकल आए लेकिन देखते ही देखते घर में रखे इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपडे, खाद्य सामग्री, सिलाई मशीन समेत सभी अन्य सामान नष्ट हो गए।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू कर नगर पालिका को सूचना दी गई, आग पर काबू किया गया लेकिन इस बीच आग सें घर की छत क्षतिग्रस्त हो गई। घटना से परिवार बेसहारा हो गया, लाली देवी पांचाल ने ग्रामीणों के साथ उपखंड अधिकारी नेहा मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सहायता की मांग की। इस मौके पर मौजूद पूर्व डीआर रामचंद्र गुर्जर ने निजी स्तर पर पीड़िता को पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि तुरंत उपलब्ध करा दी गई।

जबकि एसडीएम नेहा मिश्रा ने ग्राम पंचायत गोपालपुरा के राशन डीलर को पीड़ित परिवार हेतु तुरंत खाद्य सामग्री पहुंचाने के निर्देश दिए गए तथा अन्य सरकारी सहायता के लिए नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस दौरान पीड़िता के साथ करीब एक दर्जन स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## युवक को डंडा मारकर गिराया

**धौलपुर, (निसं)।** आगरा के शाहगंज के पास ट्रेन के दरवाजे पर बैठे धौलपुर निवासी एक युवक को पटरी किनारे खड़े कुछ बदमाशों ने डंडा मार दिया। जिससे युवक ट्रेन से नीचे गिर गया। जिसके बाद बदमाशों ने युवक का मोबाइल छीन लिया। ट्रेन से नीचे गिर कर बेहोश हुए युवक को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। युवक के होश में आने पर परिजन धौलपुर से आगरा पहुंचे और युवक को जिला अस्पताल धौलपुर लेकर आए।

घायल युवक मनीष कुमार (22) पुत्र वासुदेव निवासी धर्मपुरा थाना मनियां ने बताया कि वह दिल्ली में एक जूता फैक्ट्री में काम करता है। होली के त्योहार पर छुट्टी में अपने गांव आया हुआ था। गुरुवार दोपहर सवा 3 बजे धौलपुर रेलवे स्टेशन से दिल्ली जाने के लिए ट्रेन में बैठा था। युवक ने बताया कि उसकी ट्रेन छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस जैसे ही आगरा के पास पहुंची तो पटरी किनारे खड़े 3 बदमाशों ने उसके हाथ में डंडा मार दिया। अचानक हुए हमले से वह ट्रेन से नीचे गिर गया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 13 लाख रुपए की धोखाधड़ी

## आर.ओ. के पद पर लगाने का दिया था झांसा, 2 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**हनुमानगढ़, (निसं)।** भतीजे और भांजे को आरओ के पद पर नौकरी दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने नौकरी दिलाने के नाम पर 13 लाख 50 हजार रुपए ले लिए। इस मामले में पीड़ित ने रावतसर पुलिस थाने में एक महिला सहित 2 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रावतसर सीओ पूनम चौहान ने बताया कि नरेन्द्र पाल (45) पुत्र कृष्णचन्द्र जाट निवासी वार्ड 7, गांव भैरुसरी ने रिपोर्ट दी कि वह ट्रैक्टर और कार के जरिए दिहाड़ी मजदूरी करता है। करीब डेढ़ महीने पहले उसके पास उसी के गांव के इन्द्रपाल पुत्र शिवप्रताप जाट का फोन आया। इन्द्रपाल ने कहा कि उसे अपनी गाड़ी में उसके जानने वाले कुलदीप और उसकी पत्नी रवीना को किसी काम से मेरठ लेकर जाना है। जिसके बाद वह राजू वर्मा निवासी कुम्हारांवाली ढाणी की गाड़ी लेकर लाया और अपने साथ इन्द्रपाल को उसके घर से साथ लेकर रावतसर पहुंच गया। रावतसर से इन्द्रपाल के जानने वाले कुलदीप और उसकी पत्नी रवीना को भी साथ लिया और रावतसर से गांव चंदौली खास मेरठ उत्तरप्रदेश पहुंच गए। वह दो दिन उनके साथ ही रहा। तब उसने कुलदीप और रवीना को आपस में बात करते सुना कि रवीना के नाम रामनगर उत्तराखंड वाली जमीन 63 करोड़ रुपए में बेचनी है। उन रुपयों का बड़ा सौदा करना है। उसके बाद वे हरिद्वार उत्तराखंड चले गए। उसके बाद वे वापस गांव भैरुसरी आ गए। जिसके बाद से ही कुलदीप और रवीना ने उसके घर आना-जाना शुरू कर दिया।

इस दौरान कुलदीप और रवीना ने उसे बताया कि रवीना के पिता वर्तमान में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री के ओएसडी हैं और एसीएम द्वितीय के पद पर गोरखपुर में तैनात हैं। साथ ही कहा कि वे अपनी इस जानकारी से उसके भतीजे प्रवीण और भांजे आशीष को विधानसभा उत्तरप्रदेश में आरओ के पद पर अप्रैल महीने में भर्ती निकलने पर नौकरी लगवा देंगे। भतीजे और भांजे को नौकरी लगवाने के नाम पर इन्होंने 20 लाख रुपए की मांग की। बीस लाख रुपए में से सत्तर प्रतिशत रुपयों की अग्रिम किश्त मांगी। शेष 30 प्रतिशत रुपए भतीजे और भांजे के नौकरी जॉइन करने पर देने की बात कही। इस पर वह कुलदीप और रवीना के झांसे में आ गया और इन दोनों को नौकरी के बदले कुल 13 लाख 50 हजार रुपए अलग-अलग समय में अकाउंट में जमा करवा दिए। जिसके बाद कुलदीप ने 13 लाख 50 हजार रुपए का एक चेक भरकर दिया। नरेन्द्र पाल के अनुसार इसी दौरान उसे पता चला कि कुलदीप और रवीना नाम के दो शख्स रावतसर इलाके में भोले-भाले लोगों को नौकरी लगवाने के नाम पर रुपए हड़पने का काम कर रहे हैं। यह सब सुनकर वह अपने गांव के इन्द्रपाल जाट के घर गया तो वहां पर कुलदीप और रविना मिले। उसने इन्हें कहा कि उन लोगों ने उसके भतीजे और भांजे को नौकरी लगवाने का झांसा देकर तेरह लाख पचास हजार रुपए हड़प लिए हैं। उसे उसके रुपए आज ही वापस कर दो तो कुलदीप और रवीना ने कहा कि उनके पास उसके रुपए नहीं हैं। पुलिस ने कुलदीप और रविना के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।